@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Friday, 17 October 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020 | Vol 1 | Issue No.- 45 | Pages 04 | ₹3.00

# Gujarat Ministers Resign Ahead of Cabinet Reshuffle

## CM BHUPENDRA PATEL TO CONTINUE

FAIR REPORT

**Gandhinagar:** In a major political development, all ministers of the Gujarat government submitted their resignations on Thursday, paving the way for a significant cabinet reshuffle. Chief Minister Bhupendra Patel is expected to retain his post, according to party sources.

The swearing-in ceremony for the new cabinet is scheduled at Mahatma Mandir at 11:30 AM on Friday, followed immediately by the first meeting of the reconstituted cabinet under CM Patel's leadership.

Sources indicate that the ruling BJP is likely to follow its "no-repeat" formula, first adopted in the 2021 cabinet reshuffle, where most sitting ministers were rotated out to make way for fresh faces.

Party insiders also suggest that the Deputy Chief Minister post may be reinstated, though official confirmation is awaited.

Political analysts say the reshuffle is aimed at strengthening governance, balancing regional and caste equations, and consolidating BJP's position ahead of future elections. The strategy of retaining CM Patel while introducing new faces is seen as an attempt to maintain continuity while projecting dynamism within the state leadership.

The resignations and upcoming swearing-in mark the first major cabinet exercise since Patel assumed office in September 2021, signaling the party's intent to refresh its leadership team and respond to administrative and political priorities.



## Trump and Putin Lock Horns in Marathon Call as Zelensky Heads to Washington



FAIR REPORT

**WASHINGTON:** The world's diplomatic pulse quickened today as President Donald Trump confirmed he is engaged in a "lengthy and ongoing" conversation with Russian President Vladimir Putin, a development that could redefine the fault lines of the Ukraine war.

Announcing the call on Truth Social, Trump wrote: "It's a long discussion — very important — and both President Putin and I will share details once concluded."

The timing is unmistakably strategic: just hours before Ukrainian President Volodymyr Zelensky arrives at the White House to press for advanced U.S. weapons, including long-range Tomahawk missiles.

Diplomatic observers describe the moment as a "three-way chess match" — with Washington, Moscow, and Kyiv maneuvering for moral and military advantage. While Trump has previously spoken of a swift end to the war, this direct engagement with Putin suggests a more active hand in shaping the conflict's future.

Analysts note that Trump's outreach could be either a bold peace overture or a high-stakes power play aimed at recalibrating global perceptions of U.S. leadership. As one European diplomat told Reuters, "Every minute of that call could ripple across battlefields."

Neither side has disclosed details of the conversation, but the stakes could not be higher.

Tonight, as Zelensky's motorcade prepares to roll into Washington and Putin's Kremlin lights burn late, the question remains:

Will words on the line rewrite the language of war — or merely echo through the static of history?

## FM Sitharaman assures farmers of full support to boost agricultural income



FAIR REPORT

**Raichur (Karnataka),** Finance Minister Nirmala Sitharaman on Thursday assured farmers of full support to boost agricultural income, as she inaugurated the Farmers Training and Common Facility Centre and a new agro-processing unit here. Addressing the gathering, she highlighted initiatives like soil health cards, fertilisers, financial assistance, and the increased MSP for foodgrains and pulses. "The Farmers' Training and Common Facility Centre in Raichur will greatly benefit our farmers. It will help farmers get more price for agricultural products, tie producers to markets, empower women, improve quality and shelf-life of farm produce and training and capacity building of farmers. Raichur district is one of the major pulse production regions of Karnataka and approximately 80,000 metric tonnes of tur and 34,000 metric tonnes of chickpeas are cultivated annually. "This vast production base will contribute to strengthening the pulse value chain. The new processing unit established under this scheme has the capacity to process 133 metric tonnes of tur, 100 metric tonnes of chickpeas, and 76 metric tonnes of mixed pulses per year. Through this, farmers will receive better prices, and dependence on middlemen will decrease," Sitharaman noted.

## India fortunate to have leader like Modi: Naidu

**Kurnool:** Andhra Pradesh Chief Minister N. Chandrababu Naidu said on Thursday that India is fortunate to have a leader like Prime Minister Narendra Modi. He also exuded confidence that the National Democratic Alliance (NDA) will win the upcoming Assembly elections in Bihar. He wished that PM Modi's electoral victories continue across the country. Addressing 'Super GST Super Saving' public meeting at Nannuru village in Kurnool district, Chief Minister Naidu thanked the Prime Minister for bringing GST next generation reforms. He said that benefits people received from these GST reforms are only the beginning. The Telugu Desam Party (TDP) President congratulated PM Modi on his "remarkable journey of 25 years of public service as the Chief Minister and Prime Minister". "Prime Minister Modi is a unique leader serving the nation with utmost dedication. I don't have any doubt that the 21st century belongs to PM Modi.

## Union Railway Minister launches Sanganeri print blanket cover pilot project

FAIR REPORT

**Jaipur:** Railway Minister Ashwini Vaishnaw on Thursday launched a pilot project introducing blanket covers with traditional Sanganeri prints at Khatipura Railway Station in Jaipur. On the first day of implementation, passengers travelling in the air-conditioned coaches of the Jaipur–Ahmedabad (Asarva) Express at 8:45 PM received the new blanket cover packets, marking a step forward in passenger comfort and hygiene. Alongside the launch, the Minister inaugurated development works worth over Rs 100 crore at 65 small and medium-sized railway stations under the North Western Railway. He stated that the initiative, launched on a pilot basis in Jaipur, would be extended nationwide if found successful. Passengers have long expressed concerns about the cleanliness of shared blankets.




Addressing this, the Railways has introduced washable, printed covers to ensure hygiene and comfort. Passengers will receive individual covers and will be able to use them with confidence. Passengers in the train said, "Earlier, blankets were given without covers. Now, with clean covers, hygiene will be maintained."

Another traveller said, "I often carry my own blanket due to allergies, but this new initiative reassures me that the Railways is focusing on hygiene."

Speaking at the event, Minister Vaishnaw said the fabric for these covers has been selected for long life, easy washing, and durable print quality. He added that this initiative would also help promote traditional Indian textiles across the country.

"Just as we use blankets with covers at home, passengers will now receive them in trains," the Minister said. "If successful, this project will be expanded nationwide, and traditional prints from different states will be showcased on Indian Railways."

## Trump calls PM Modi a great man, claims India 'assured' him to stop buying Russian oil

FAIR REPORT

**Washington,** Oct 16 (IANS) US President Donald Trump has described Prime Minister Narendra Modi as a "great man" and India as "an incredible country", adding that he is open to meeting the Prime Minister on the sidelines of the upcoming ASEAN Summit in Malaysia.

When asked about a potential meeting with the Prime Minister in Malaysia during a press conference at the White House, Trump said, "Yeah, sure, he's a friend of mine. We have a great relationship." "He's a great man. He loves Trump...I have watched India for years. It's an incredible country, and every single year you'd have a new leader. I mean, some would be in there for a few months, and this was year after year after year. And my friend has been there now for a long time," he added. Trump also claimed that he has been "assured" that India won't be buying oil from Russia, while adding that he understands that it can't be done "immediately". However, India has not yet responded to this claim. "He assured me today that they will not be buying oil from Russia...You can't do it immediately. It's a little bit of a process, but the process is going to be over with soon, and all we want from President Putin...is to stop this," he noted.

## Strict Checks at Chittorgarh RTO After Jaisalmer Bus Tragedy

# CCTV DVR Seized, 140 Bus Challans, Three Buses Sealed

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Following the tragic bus fire in Jaisalmer, the Chittorgarh administration has launched a strict inspection of all private buses operating in the district. The fitness, insurance, registration, and permits of these buses are being thoroughly checked. This action comes after it was found that the bus involved in the fire was registered and certified for fitness by the Chittorgarh RTO. On Thursday morning, the Sadar police team also began an investigation at the RTO office. Officers seized important documents and CCTV DVRs from the transport department, which may contain key information about the bus's registration and fitness.




Sadar SHO Niranjan Pratap Singh said the operation is being conducted under the instructions of senior officials. The police spoke with transport department staff and took the relevant records for detailed examination. The DVRs will be analyzed, and the report will be submitted to higher authorities.

Meanwhile, the transport department has intensified its actions. Over 140 private buses have been challaned, and three buses have been sealed due to serious irregularities. Officials said the inspection drive will continue in the coming days, and no bus will be allowed on the road without valid documents.

Since the tragedy, the RTO office in Chittorgarh has been in a state of alert. Normal operations have been almost suspended for two days, with staff reviewing and cross-verifying every file and record to ensure no lapses remain. A key question remains: how was a non-AC registered bus modified into a sleeper bus, and why did it continue running two trips daily between Jaisalmer and Jodhpur for 14 days without being inspected by local authorities and transport officials?

## RCA एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के खिलाफ बुलाई इमरजेंसी मीटिंग, लगाए तानाशाही और भ्रष्टाचार के आरोप

# कमेटी के चार सदस्यों ने किया आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का सियासी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के खिलाफ अब कमेटी के चार सदस्यों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। चारों ने कुमावत पर तानाशाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही 17 अक्टूबर को एडहॉक कमेटी की इमर्जेंसी मीटिंग बुलाई। जिसमें नई सिलेक्शन कमेटी के गठन के साथ ही आरसीए में पिछले दिनों हुए भुगतान और कर्मचारियों की नियुक्ति के खिलाफ जांच जैसे प्रस्ताव शामिल हैं।

दरअसल, आरसीए की एडहॉक कमेटी विवाद दिनों - दिन बढ़ता जा रहा है। जोधपुर जिला क्रिकेट संघ पर हुई निलंबन की कार्रवाई के बाद अब एडहॉक कमेटी के चार सदस्य धनंजय सिंह, पिंकेश जैन, मोहित यादव और आशीष तिवारी ने कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के साथ ही सहकारिता और खेल विभाग को लेटर लिख आरसीए में एकतरफा फैसलों और कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए 17 अक्टूबर को आरसीए क्रिकेट एकेडमी में आपात बैठक बुलाने की मांग की है। लेटर में लिखा कि कन्वीनर दीनदयाल कुमावत द्वारा 26 सितंबर को एडहॉक के एक्सटेंशन के बाद से



अब तक एक भी बैठक नहीं बुलाई गई है। आरसीए से जुड़े तमाम फैसले दीनदयाल कुमावत अकेले लिए जा रहे हैं, जिससे आरसीए का निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन प्रभावित हो रहा है।लेटर में आरोप लगाया कि दीनदयाल कुमावत के अवैध, बेईमान और हठी रवैये के चलते आरसीए के नियमित कार्य ठप हो गए हैं, ऐसे में एडहॉक कमेटी की तत्काल बैठक बुलाना जरूरी हो गया है।

### धनंजय सिंह बोले- अपने स्तर पर निर्णय ले रहे

खींवसर ने कहा कि एडहॉक कमेटी में अन्य सदस्य भी है, लेकिन निर्णय सिर्फ कन्वीनर अपने स्तर पर ले रहे हैं। ऐसे में द्वेषतापूर्ण कार्रवाई करते हुए उन्होंने मुझे पद से हटाया है, जो पूरी तरह से असंवैधानिक है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी तरह की मान्यता को या फिर किसी को पद से हटाने का अधिकार कन्वीनर के पास नहीं होता। जिसके बाद हमने कल बैठक बुलाई है और कन्वीनर को भी बैठक का आमंत्रण दिया गया है।

## कीड़े मकोड़े नहीं जो मेरी कुर्सी पर कोई भी बैठ जाए

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मामले को लेकर राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत का कहना है कि मुझे आधी रात को मीटिंग का मेल भेजा गया है। सबसे पहले मैं यह देखूंगा कि मीटिंग बुलाने का अधिकार एडहॉक सदस्यों को है या नहीं। उन्होंने एडहॉक कमेटी के सदस्यों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोई ये कहे



कि मैं राष्ट्रपति हूं, मैं राजा हूं, मैं ही सबकुछ हूं, बाकि सब कीड़े मकोड़े हैं तो ऐसा संभव नहीं है। बैठक को लेकर कुमावत ने कहा कि कोई स्वयंभू अगर बनना चाहे और मेरी सीट पर आकर बैठना चाहे तो इसका कोई इलाज नहीं है। कुमावत ने साफ कहा कि अगर कोई भ्रष्टाचार का आरोप है तो जांच के लिए तैयार हूं, लेकिन टेंडर्स की जिम्मेदारी एडहॉक कमेटी सदस्यों के पास है।

## रेलमंत्री वैष्णव के साथ सांसद मंजू ने किया रेल यात्री सुविधाओं का लोकार्पण

# 65 रेलवे स्टेशनों को मिली सौगात

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

केन्द्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न "रेलवे स्टेशनों एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस में यात्री सुविधाओं" का लोकार्पण किया।वैष्णव ने जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन से प्रदेश के 65 रेलवे स्टेशनों को सौगात देते हुए उनमें बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस मौके पर सांसद मंजू शर्मा ने दरभंगा एक्सप्रेस को सप्ताह में दो बार जयपुर में रोकने की मांग की जिसपर रेलमंत्री वैष्णव ने कहा कि बिहार चुनाव के बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि यात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से छोटे स्टेशनों पर भी सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। जैसे, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाना, उनकी लंबाई बढ़ाना, कोच और ट्रेन संख्या की जानकारी देने के लिए साइनबोर्ड बनाने जैसी




सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा था। इसी के तहत आज से राजस्थान के 65 छोटे और बहुत छोटे रेलवे स्टेशनों पर बेहतर सुविधाओं की शुरुआत की गई है। ये सारे स्टेशन राजस्थान के लगभग सभी रेल मंडलों में आते हैं, जिनमें जयपुर, जोधपुर, बीकानेर और अजमेर मंडल शामिल हैं।अश्विनी वैष्णव ने कहा, "कई स्टेशन ऐसे हैं जहां इस तरह के कामों के बारे में कभी किसी ने सोचा भी नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने हमें प्रेरणा दी है कि हमें छोटे से छोटे स्टेशन पर भी ध्यान देना है।"

### रेलवे में आधुनिकीकरण के नए युग का सूत्रपात : मंजू

सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के शासन में देश में रेल सुविधाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव का आभार जताया। इस कार्यक्रम राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सांसद मंजू शर्मा ने सांगानेर स्थित राजस्थान मैथिल परिषद द्वारा मदार (अजमेर) से दरभंगा राजस्थान की प्रथम अमृत भारत ट्रेन के परिचालन "नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम" में केंद्रीय रेल एवं सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का दरभंगा एक्सप्रेस के जयपुर में ठहराव करने पर आभार जताया। इस कार्यक्रम के बाद इसके बाद हवामहल विधानसभा क्षेत्र की "आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला" में शामिल हुई। उन्होंने यहां कहा कि स्वदेशी केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रेम की भावना है - जो हमें अपने श्रम, अपने संसाधनों और अपने उत्पादों पर गर्व करना सिखाती है। स्वदेशी प्रेम सिखाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में स्वदेशी की अलख जगी है। इस कार्यक्रम में विधायक बलमुकुंदाचर्य, भाजपा पदाधिकारी व लोग मौजूद थे।

### जयपुर में मॉडर्न डेटा सेंटर बनेगा

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को जयपुर में आयोजित एक प्रबुद्धजन सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए सरकार के दस साल के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था का विकास रुका रहा। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के आने के बाद देश गुलामी की मानसिकता से बाहर आया और बेहतर नीतियों के चलते अर्थव्यवस्था दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री वैष्णव ने जयपुर में एक मॉडर्न डेटा सेंटर बनाने की घोषणा भी की। रेलमंत्री ने रेलवे के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यूपीए सरकार में रेलवे का बजट 680 करोड़ रुपए था। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में राजस्थान रेलवे को 10 हजार करोड़ रुपए मिल रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में रेलवे में जितने काम हुए हैं, उतने 60 वर्षों में नहीं हुए। उन्होंने नमो भारत और अमृत भारत ट्रेन का हवाला देते हुए कहा कि इनमें गिलास का पानी तक नहीं हिलता।

## 'सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर करवा रहे एक निकाय का पुनर्सीमांकन'

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में एक निकाय के पुनर्सीमांकन व पुनर्गठन पर पुनर्विचार के निर्देश पर संबंधित जिला कलेक्टर को हिदायत दे दी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर अन्य पिछड़ा आयोग के अन्य पिछड़ा वर्ग सहित तमाम आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद एक सप्ताह में पार्षदों व अध्यक्ष की लॉटरी निकाल देंगे। फिर राज्य निर्वाचन आयोग से जल्द चुनाव करवाने का अनुरोध करेंगे। वहीं जैसलमेर हादसे में अग्निशमन दल के लेट पहुंचने के आरोप पर उन्होंने कहा कि जांच करवाई जा रही है। जो



भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वन स्टेट-वन इलेक्शन को लेकर मंत्री ने कहा कि स्वायत शासन विभाग की पूरी तैयारी है। नगर निकायों के सीमा विस्तार का बहुत पहले नोटिफिकेशन जारी हो गया था। फिर वार्डो का पुनर्गठन व पुनर्सीमांकन हुआ। उनका भी नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। अभी 5 दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय ने 309 नगर निकायों में से एक नगर निकाय के वार्डों के पुनर्सीमांकन व पुनर्गठन पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया था। उसके लिए संबंधित जिला कलेक्टर को निर्देशित कर दिया है।

## 54 गरीब परिवारों को बीजेपी ने बांटे ठेले और रोजगार सामग्री

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजस्थान में भाजपा अब सामाजिक सरोकार की दिशा में भी काम कर रही है। पार्टी नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद जयपुर शहर भाजपा ने गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का बीड़ा उठाया है। गुरुवार को जयपुर की झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले 54 निराश्रित परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संसाधन उपलब्ध कराए गए। ठेले और सामग्री मिलने के बाद ये जरूरतमंद पुरुष और महिलाएं अब खुद का रोजगार चला सकेंगी। दिवाली से पहले मिले इन संसाधनों ने घुमंतू परिवारों



के चेहरे पर खुशियां लौटा दीं। उन्होंने कहा कि अब वे अपने परिवार का अच्छे से जीवन यापन कर सकेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का सपना साकार कर पाएंगे।

दिवाली से पहले आई खुशियांः कौशल्या पति की मौत के बाद से दो बच्चों के साथ आर्थिक तंगी झेल रही थी। लंबे समय से मजदूरी कर किसी तरह गुजारा कर रही कौशल्या अब आत्मनिर्भर होने की बात कह रही है। बच्चों को पढ़ाकर उन्हें बड़ा आदमी बनाने का सपना देख रही है। कोमल, इंदिरा और अन्य महिलाओं के चेहरे पर भी दिवाली से पहले मुस्कान लौट आई।

## अंता उपचुनाव: कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया यदि हारे तो पार्टी के फैसले पर खड़े होंगे सवाल, साख भी गिरेगी

# 9 में से 8 कांग्रेस हारी, नरेश मीणा ने बढ़ाई मुश्किलें

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

प्रदेश के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस की साख दांव पर लगी हुई है। बुधवार को राजस्थान कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने अंता में चुनावी जनसभा में एकजुटता का संदेश देते हुए कार्यकर्ताओं में जान फूंकने की कोशिश की और अपनी जीत के दावे भी किए। लेकिन कांग्रेस के बागी रहे नरेश मीणा ने निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर कांग्रेस के लिए परेशानी बढ़ा दी है। अंता उपचुनाव कहीं न कहीं आगे निकाय और पंचायत चुनाव में कांग्रेस का भविष्य भी तय करेगा।

वरिष्ठ पत्रकार और



### कांग्रेस नाथी का बाड़ा नहीं, सिर्फ समर्पितों को ही जगह

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अंता विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सख्त और स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि कांग्रेस में अब केवल उन्हीं लोगों के लिए जगह होगी जो पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पित हैं अंता में आयोजित एक जनसभा में बोलते हुए डोटासरा ने दो टूक शब्दों में कार्यकर्ताओं को सख्त लहजे में चेतावनी दी। कहा कि कांग्रेस कोई नाथी का बाड़ा नहीं है कि जो चाहे जब चाहे आ जाए और चला जाए। पार्टी में मान-सम्मान केवल उसी कार्यकर्ता को मिलेगा जो कांग्रेस के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर रहा है।"उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अब पुराने ढर्रे पर नहीं चलेगी। जो कार्यकर्ता पार्टी से बाहर हैं और दोबारा जुड़ना चाहते हैं, उन्हें पहले जनता के बीच जाकर पार्टी को चुनाव जिताने में मदद करनी होगी।

राजनीतिक विश्लेषक मनीष गोधा का कहना है कि अंता में कांग्रेस की साख इसलिए भी दांव पर है क्योंकि कांग्रेस ने तीसरी बार प्रमोद जैन भाया को प्रत्याशी बनाया है। भाया दो बार यहां से विधायक रह चुके हैं और दोनों ही बार गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहते हुए भारी भरकम डिपार्टमेंट संभाल चुके हैं। पार्टी का मानना है कि भाया विनिंग कैंडिडेट हैं, लेकिन अगर उपचुनाव में कांग्रेस की हार होती है, तो यह कांग्रेस के फैसले पर सवाल खड़े होंगे ही, साख में भी गिरावट आ सकती है। वहीं साल 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब तक प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो चुके हैं। ये उपचुनाव कांग्रेस के लिहाज से बेहद खराब रहे हैं। कांग्रेस इनमें से 8 उपचुनाव हारी है। जबकि एक सीट पर उसे जीत मिली है। वहीं भाजपा ने 7 उपचुनाव जीते हैं। जिससे भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। प्रदेश में रामगढ़, झुंझुनू, देवली उनियारा, सलूंबर, चौरासी, खींवसर, धरियावद, बागीदौरा, दौसा में उपचुनाव हुए थे। हालांकि कांग्रेस केवल दौसा विधानसभा उपचुनाव ही जीत पाई। जबकि 8 विधानसभा सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। दिलचस्प यह है कि साल 2023 में कांग्रेस ने झुंझुनू, देवली उनियारा और रामगढ़ विधानसभा सीट जीती थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने देवली उनियारा, रामगढ़ और झुंझुनू सीट गंवा दी।

## कोर्ट की खबरें

### एसएमएस अस्पताल रिश्वत प्रकरण: जमानत पर बहस पूरी

**जयपुर** एसीबी मामलों की विशेष अदालत में गुरुवार को ब्रेन कॉइल का बिल पास करने की एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार हुए एसएमएस अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ मनीष अग्रवाल और उसके साथी जगत सिंह की जमानत अर्जियों पर बहस पूरी हो गई। अदालत मामले में शुक्रवार को अपना आदेश देगी। जमानत अर्जियों पर बहस के दौरान डॉ मनीष के अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि परिवादी ने एसीबी में जो शिकायत प्रार्थना पत्र दिया था, उससे पहले वह डॉ मनीष से मिला ही नहीं था। परिवादी ने यह भी आरोप नहीं लगाया है कि डॉ मनीष अग्रवाल ने उससे कोई रकम की डिमांड की है। इसके अलावा डॉक्टर के कब्जे से रिश्वत राशि की बरामदगी नहीं हुई है और न राशि की



डिमांड ही साबित हुई है। इसके अलावा डॉ मनीष के पास परिवादी का कोई काम पेंडिंग नहीं था। अधिवक्ता ने बताया कि एसीबी की टीम डॉक्टर के यहां पर थी, यदि उसने रकम ली थी, तो रिश्वत की राशि बाहर प्लॉट में कैसे पहुंची? इसके अलावा टेंडर व बिल प्रक्रिया के लिए एसएमएस अस्पताल ने एक कमेटी बना रखी है। बिल पास करने का कार्य कमेटी के सदस्यों के सत्यापन के बाद ही किया जाता है। उसके पास ब्रेन कॉइल का कोई बिल पेंडिंग नहीं था। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

### आरपीएससी अध्यक्ष के खिलाफ टिप्पणियों के विरुद्ध अपील पेश

**जयपुर।** एसआई भर्ती पेपर लीक-2021 प्रकरण में एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने के संबंध में दिए गए आदेश में आरपीएससी के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय के खिलाफ की गई नकारात्मक टिप्पणियों के विरुद्ध खंडपीठ में अपील पेश की गई है। संजय श्रोत्रिय की इस अपील पर खंडपीठ दिवाली अवकाश के बाद सुनवाई करेगी। वहीं, दूसरी ओर आयोग की कार्यप्रणाली पर एकलपीठ की ओर से लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर खंडपीठ ने आरपीएससी को प्रसंज्ञान से जुड़े दस्तावेज दिलाते हुए मामले की सुनवाई टाल दी है।अपील में अधिवक्ता युवराज सामंत ने कहा कि एकलपीठ ने अपीलार्थी का पक्ष जाने



बिना ही उनके खिलाफ तल्ख टिप्पणियां की हैं और उनकी भूमिका पर सवाल उठाए हैं। इस मामले में याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में अपीलार्थी को पक्षकार नहीं बनाया है। वहीं, एसओजी ने भी अपनी चार्जशीट में उनके खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं पाए हैं और न ही उनके खिलाफ चार्जशीट ही पेश की है। ऐसे में एकलपीठ ने बिना कोई ठोस सबूत और उन्हें सुने बिना ही आदेश दिया और टिप्पणी की।

### संविदाकर्मियों को हटाने पर रोक, अधिकारियों से जवाब-तलब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएमआरएस के तहत विभिन्न राजकीय स्वास्थ्य केंद्रों में कंप्यूटर ऑपरेटर और हेल्पर सहित अन्य पदों पर तैनात संविदाकर्मियों को हटाने पर रोक लगाई है। इसके साथ ही याचिकाकर्ताओं को प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए नियुक्त करने पर भी पाबंदी लगाई है। अदालत ने कहा कि इन संविदाकर्मियों को राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के माध्यम से ही कार्यरत रखा जाए। वहीं, अदालत ने



मामले में चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और संबंधित सीएमएचओ से जवाब तलब किया है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश चंद्रप्रकाश व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

### 4 करोड़ के स्कूल में मिट्टी से ही बना दी छत, पुनर्निर्माण होगा

**जयपुर।**झालावाड़ के झाड़ आंवली गांव में आधी रात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ग्रामीणों की शिकायत पर स्कूल भवन का निरीक्षण करने पहुंच गए। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर पुरानी छत तोड़कर नई बनाई जा चुकी है। लेकिन मंत्री नागर ने मौके पर पहुंचकर खुद सरिए से छत खुदवाई, तो सीमेंट की जगह मिट्टी और बजरी की जगह क्रेशर डस्ट पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि पुरानी छत को तोड़ा ही नहीं गया था, बल्कि उसी पर पिलर लगाकर आगे



का निर्माण शुरू कर दिया गया था। मंत्री नागर ने मौके पर ही निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर पीडब्ल्यूडी को जांच के लिए भेज दिया और तुरंत छत तोड़कर पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# RAJASTHAN
FAIR REPORT | 03

## ब्रीफ खबरें

### अपनाघर के लिए केबीसी में बिग बी (अमिताभ) की अनूठी पहल




**भरतपुर।** कौन बनेगा करोड़पति के मंच से अपना घर के प्रभुजनों के लिए बिग बी अमिताभ बच्चन ने अनूठी पहल की है। उन्होंने अपनाघर आश्रम के प्रभुजनों के लिए 33 सौ-33 सौ किलो घी, चावल व आटा समर्पित किया है। लोकप्रिय टेलीविजन शो 'कौन बनेगा करोड़पति' केबीसी के मंच पर महानायक अमिताभ बच्चन की अनूठी पहल का प्रसारण 23 अक्टूबर को होगा। अपनाघर आश्रम के सचिव बसंतलाल गुप्ता ने बताया कि इस एपिसोड को 14 अक्टूबर को रिकॉर्ड किया गया। एपिसोड में शो के प्रतिभागियों की ओर से दिए गए प्रत्येक सही उत्तर पर अपना घर आश्रम में रह रहे प्रभुजनों के लिए 100 किलो घी, 100 किलो चावल, 100 किलो आटा समर्पित किया गया। इस शो में प्रतिभागियों ने 33 सवालों के सही उत्तर दिए। इस तरह 3300 किलो घी, 3300 किलो चावल और 3300 किलो आटा अपना घर के प्रभुजनों के लिए दिया गया। यह विशेष एपिसोड 23 अक्टूबर को रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। शो के अंतिम चरण में अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज व उनकी धर्मपत्नी डॉ. माधुरी भारद्वाज को मंच पर आमंत्रित किया गया। इस मौके पर बच्चन ने अपनाघर संस्था की ओर से पिछले 25 वर्ष से की जा रही नि:स्वार्थ सेवा के बारे में बताया।

### सस्पेंडेड कांस्टेबल का कोर्ट में मचा बवाल, दीवार पर टकरा फोड़ा सिर



**झालावाड़।** यहां से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जहां एक निलंबित कांस्टेबल ने कोर्ट परिसर में जमकर हंगामा किया और आत्मघाती कदम उठाते हुए खुद को घायल कर लिया। यह घटना बुधवार को हुई जब पुलिस उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने लाई थी। इससे पहले कांस्टेबल को सोमवार शाम को मजिस्ट्रेट की आवास पर पेश किया गया था, जहां से उसे जेल भेजा गया था। जब कांस्टेबल को वहां पेश किया गया तब भी वह लहूलुहान हालत में था, तथा उसने मीडिया से गुहार लगाते हुए अपने ही कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। सारा मामला उस 80 बीघा जमीन से जुड़ा हुआ है जो कांस्टेबल की पत्नी द्वारा खरीदी गई थी। सोमवार शाम को मजिस्ट्रेट द्वारा जेल भेजे जाने के पश्चात बुधवार को पुलिस द्वारा कांस्टेबल को झालावाड़ अदालत परिसर में लाया गया, जहां कांस्टेबल ने अचानक परिसर में बवाल मचाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि गुस्से में तमतमाए इस शख्स ने भरी भीड़ के सामने दीवार से अपना सिर फोड़ लिया।

### सर्पदंश से सगे भाई-बहन की हुई दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम



**धौलपुर।** जिले के भेंसेना का पुरा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। जहां एक जहरीले सांप के काटने से सगे भाई-बहन की जान चली गई। इस दुखद हादसे ने पूरे गांव में सन्नाटा पसरा दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार चंद्रभान सिंह की 10 साल की बेटी मनु और 5 साल का बेटा अभिनंदन बुधवार रात को अपने घर में सो रहे थे। मनु चारपाई पर थी जबकि अभिनंदन बेड पर सो रहा था। रात करीब 11 बजे एक जहरीले सांप ने मनु के कान में काट लिया। इसके बाद सांप अभिनंदन के पास पहुंचा और उसके पेट पर डस लिया। मनु ने कान में जलन की शिकायत अपनी मां से की। जल्द ही दोनों बच्चों की हालत बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टियां होने लगीं और बेहोशी छाने लगी। घबराए परिजन दोनों बच्चों को तुरंत धौलपुर के जिला अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन बच्चों को लेकर ग्वालियर पहुंचे लेकिन वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हताश परिजन बच्चों के शव लेकर घर लौट आए। गांव में कुछ नीम हकीमों ने भी इलाज की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### झोलाछाप के इलाज से युवक की जान आफत में, परिजन गुस्साए



**बांसवाड़ा।** जिले में कुशलगढ़ थाना क्षेत्र के रिछवानी गांव में झोलाछाप डॉक्टर की दवाई से युवक की हालत गंभीर हो गई। जानकारी के मुताबिक, रिछवानी निवासी मनीष पुत्र निखिल कटारा को सर्दी-जुकाम और बुखार था। परिवारवालों ने पास के क्लिनिक पर उसे इलाज के लिए भेजा, जहां बंगाली झोलाछाप डॉक्टर ने उसे दवाई व इंजेक्शन दिया। लेकिन कुछ देर बाद मनीष की तबियत बिगड़ने लगी। हालत गंभीर देख क्लिनिक संचालक खुद युवक को लेकर कुशलगढ़ अस्पताल पहुंचा। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद मनीष की हालत नाजुक बताई और देर रात करीब 11 बजे उसे बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल रेफर कर दिया। एमजी अस्पताल में फिलहाल युवक का इलाज जारी है। परिजन बता रहे हैं कि दवा और इंजेक्शन देने के बाद ही तबियत बिगड़ी, उन्हें नहीं मालूम डॉक्टर ने क्या दवाइयां दीं। परिवार ने आरोप लगाया है कि झोलाछाप डॉक्टर के इलाज की वजह से ये हादसा हुआ, उन्होंने प्रशासन से लापरवाही की जांच की मांग की है।

---

ऑपरेशन एंटीवायरस 2.0, डीग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कसा शिकंजा, दो करोड़ की ठगी कबूली

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 14 साइबर ठग गिरफ्तार

FAIR REPORT
भरतपुर

जिले में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस 2.0 के तहत डीग पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अभियान के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में 14 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो बाल अपराधियों को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, नकली नोट, बैंक पासबुक और साइबर ठगी के पैसों से खरीदी गई मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। थानाधिकारी अमर सिंह ने बताया कि कुछ युवक ओलन्दा पहाड़ की तलहटी में बैठकर ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आठ लोगों को पकड़ लिया। इनमें मुबीन, जुबेर, सलीम, साहिल पुत्र इमरान, साहिल पुत्र रुद्दी, मुनफेद, हरिचंद और एक बाल अपराधी शामिल हैं। आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने करीब दो से तीन करोड़ रुपए की ठगी की है। मौके से दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं, जिन्हें ठगी के पैसों से खरीदा गया था। तलाशी में पुलिस को 7 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड, 7 एटीएम कार्ड, एक चैकबुक बरामद हुए।



### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

थाना खोह पुलिस ने एएसआई जयसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की। यहां से उमरदीन उर्फ उम्मर और मौसम को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के पास से 2 मोबाइल फोन बरामद हुए। जांच में सामने आया कि वे व्हाट्सऐप नंबरों के माध्यम से लोगों को पेंसिल कंपनी में नौकरी दिलाने और रेपिडो एप से संबंधित फर्जी ऑफर देकर ठगी कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। थानाधिकारी अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने चौमोरा पुलिया के पास प्लॉटिंग साइट पर बैठे 5 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। इनमें वसीम, फरदीन, उन्नस, मोहम्मद आकिल और साहिल शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 5 मोबाइल फोन और 7 सिम कार्ड बरामद किए। आरोपी सेक्सटॉर्शन, फर्जी जॉब ऑफर और पेंसिल कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे थे।

---

एसटी कोटे में दूसरे वर्ग के लोगों के नाम निकलने पर हुआ विवाद

## मंत्री के सामने लॉटरी में मचा हंगामा, लोगों का फूटा गुस्सा

FAIR REPORT
भीलवाड़ा

यहां रियायती आवासीय भूखंड योजना की लॉटरी के दौरान यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में लोगों ने हंगामा कर दिया। एसटी कोटे में दूसरे वर्ग के लोगों के नाम निकलने पर यह विवाद हुआ। हंगामे को देखकर यूडीएच मंत्री ने कहा कि 1 महीने के अंदर लॉटरी प्रक्रिया की जांच पूरी होगी। जिन लोगों के दस्तावेज सही पाए जाएंगे, उनको ही आवंटन पत्र जारी होगा। मंत्री ने कहा कि अगर किसी ने गलत दस्तावेज चाहे जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र या कोई भी दस्तावेज गलत प्रस्तुत किया है तो उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, नगर निगम टाउन हॉल में गुरुवार को यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने यूआईटी के 3081 प्लॉटों के लिए लॉटरी निकाली।



**मौके पर मौजूद आवेदकों ने जताई आपत्ति** ► लॉटरी के दौरान एसटी कोटे में अन्य वर्ग के लोगों के नाम खुलने पर मौजूद आवेदकों ने आपत्ति की। इनका कहना था कि एसटी के लिए निर्धारित कोटा है और लॉटरी के फॉर्म की चेकिंग की गई है तो इस कोटे में दूसरे समाज के लोगों के नाम कैसे निकले। इस पर काफी देर तक टाउन हॉल में अधिकारियों की समझाइश के बाद लोग माने।

### लॉटरी निरस्त करने की मांग

लोगों ने हंगामा किया और लॉटरी निरस्त करने की मांग की। लॉटरी में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि जब यूआईटी ने फॉर्म चेक करने के लिए इतना टाइम लिया तो फिर गड़बड़ियां कैसे निकली। साथ ही लोगों ने कहा कि प्रकिया के दौरान जो भी गड़बड़ियां सामने आ रही है, उनका इसी समय पर निस्तारण किया जाए और लॉटरी को स्थगित किया जाए। हंगामे को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जो भी आपत्तियां जिस-जिस कैटेगरी में आई है, हम उन कैटेगरी के सभी सब्मिट डॉक्यूमेंट का दोबारा वेरिफिकेशन करवाएंगे। यदि किसी भी टेक्निकल कारण से कोई भी मिस्टेक हुई है तो उसे क्लियर करवाई जाएगी।

### परवेज आलम की दो संपत्तियों से हटाया अतिक्रमण



**कुचामन सिटी।** यहां कारोबारी रमेश रूलानिया हत्याकांड के बाद बदमाशों की संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई शुरू हो चुकी है। 15 अक्टूबर को लाडनूं में गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के फार्म हाउस पर पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया था। वहीं गुरुवार को आनंदपाल गैंग से जुड़े बदमाश परवेज आलम की दो संपत्तियों पर भी पुलिस प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत व एसपी ऋचा तोमर ने बदमाशों की उन संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे, जो सरकारी जमीनों पर कब्जा करके कब्जाई गई थी। इसके अलावा आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों को भी कब्जे से मुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत गुरुवार को उपखंड अधिकारी विकास मोहन भाटी, तहसीलदार ओम प्रकाश और डिप्टी एसपी धरम पूनिया के नेतृत्व में कार्रवाई हुई।

---

## प्रोपर्टी विवाद के बाद कारोबारी का किडनैप कर हत्या, 5 जने गिरफ्तार

FAIR REPORT
अजमेर


अजमेर में प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कारोबारी के दोस्त ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की थी। लाश को ठिकाने लगाने के लिए 6 फीट गड्ढा खोदा, चेहरे पर तेजाब डाला और 5 नमक से भरे कट्टे डाल दिए। मामला क्रिश्चियन थाना इलाके का है। पुलिस ने श्यामसिंह रावत (31) निवासी भवानीखेड़ा, नसीराबाद अजमेर, छगनसिंह रावत ( 33) निवासी पालरा अजमेर, बीरम सिंह रावत (29), नरेश रावत (19), विमल सिंह रावत (21) निवासी मायापुर मांगलियावास को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर बुधवार रात केसरपुरा डूंगरी इलाके में जेसीबी मशीन से खुदाई की गई। करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाया। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि फ्लैट नंबर ई-306, अरावली होम्स प्रथम अजमेर निवासी पार्थ ने पिता लेखराज रैगर की गुमशुदगी की रिपोर्ट दी थी। उसने बताया कि दादी घेवरी देवी के हिस्से की डूंगरिया खुर्द में जमीन है, जो पिताजी के नाम है। इसका हमारा काफी समय से पिता के ननिहाल वालों से विवाद चल रहा है। पापा ने हमारी जमीन से कब्जा छुड़वाने करार किया था।



## एनिकट में नहाने गए दो मासूम भाइयों की डूबने से हो गई मौत

FAIR REPORT
डूंगरपुर

घर के पास बने एनिकट में नहाने गए दो मासूम भाइयों की पानी में डूबने से मौत हो गई। छोटे भाई को डूबते देख बचाने के लिए बड़े भाई ने छलांग लगा दी, लेकिन दोनों गहरे पानी में डूब गए और बाहर नहीं निकल पाए। चिल्लाते हुए साथी बच्चे घर पहुंचे तो आसपास के लोगों ने एनिकट में कूदकर दोनों भाइयों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना उदयपुर जिले के पहाड़ा थाना क्षेत्र के रानावाड़ा गांव में गुरुवार को हुई। परिजन दोनों भाइयों को डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पहाड़ा थानाधिकारी उम्मेदीलाल ने बताया कि रानावाड़ा गांव निवासी शंकर सिंह सिसोदिया के बेटे अजीत सिंह (14) और नारायण सिंह (11) की पानी में डूबने से मौत हुई है। गुरुवार को दोनों भाई अपने दोस्तों के साथ घर से लगभग 500 मीटर दूर गोधरा बावरा एनिकट पर नहाने गए थे। नहाते समय छोटा भाई नारायण सिंह का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए बड़ा भाई अजीत सिंह पानी में कूदा, लेकिन दोनों ही गहरे पानी में डूब गए। परिजनों ने बताया कि मौके पर मौजूद अन्य बच्चे चिल्लाते हुए घर पहुंचे और घटना की जानकारी दी।



---

58 लाख की लागत से निर्मित अष्ट धातु की प्रतिमा, देरी होने पर राजपूत समाज जता चुका विरोध

## चेतक पर सवार महाराणा की प्रतिमा का अनावरण

FAIR REPORT
भीलवाड़ा

शहर के पांसल चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की अष्टधातु निर्मित प्रतिमा का अनावरण राज परिवार सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़, स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा और महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोग मौजूद रहे। पूर्व राज परिवार सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड ने कहा कि कई लोग है जो खुद के फायदे के लिए महाराणा प्रताप का नाम लेते हैं लेकिन बाद में अपने पैर पीछे ले लेते हैं। जो मेवाड़ का हित जो मेवाड़ के धरोहर है उसे धरोहर को संभालना चाहिए इसकी विकास की बात करनी चाहिए लेकिन कोई करता नहीं है इसलिए मेरा तर्क यही है कि मेवाड़ की धरोहर को आगे बढ़ना चाहिए। स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भीलवाड़ा में अष्टधातु से निर्मित महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया गया है। मेवाड़ की धारा को प्रणाम करते हुए महाराणा प्रताप और उनके सभी सहयोगियों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। उनके वजह से मेवाड़ के धारा सुरक्षित रही सनातन सुरक्षित रहा है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षपूर्ण रहा। महाराणा प्रताप की जब बात करते हैं तो लोग आदर से सिर झुकाने के लिए तैयार रहते हैं।




### 16 घंटे नहीं होंगे खाटूश्यामजी के दर्शन

**सीकर।** दिवाली से पहले अगर श्याम भक्त सीकर के खाटूश्याम मंदिर में बाबा के दर्शन का करने का प्लान कर रहे है तो यह खबर उनके काम की साबित हो सकती है जो आपकों बड़ी परेशानी से बचाएगी, क्योंकि दिवाली से पहले 16 घंटे तक बाबा के मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। ऐसे में दीपावली के दिन में श्याम भक्तों को खाटूश्याम मंदिर में दर्शन नहीं हो पाएंगे। अगर दीपोत्सव पर लखदातार खाटूश्याम बाबा के दर्शन करना चाहते है तो दीपावली के दिन भक्तों को बाबा खाटूश्यामजी के दर्शन 20 अक्टूबर को शाम 5 बजे बाद से ही दर्शन शुरू हो पाएंगे। क्योंकि दिवाली के एक दिन पहले से बाबा के दर्शन बंद हो जाएंगे जो 16 घंटे तक बंद ही रहेंगे। इसके लिए मंदिर कमेटी की तरफ से सूचना जारी की गई है कि दीपावली पर्व पर विशेष सेवा-पूजा होने के चलते 19 अक्टूबर की रात 10 बजे से ही मंदिर में श्याम बाबा के दर्शन बंद हो जाएंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के सदस्य संतोष सिंह और मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कि दीपावली पर्व पर 20 अक्टूबर को बाबा श्याम की विशेष सेवा-पूजा होगी। इसलिए 19 अक्टूबर की रात 10 बजे से मंदिर में दर्शन बंद हो जाएंगे। जिसके बाद 20 अक्टूबर की शाम 5 बजे से बाबा के मंदिर के कपाट खोले जाएंगे।

## Major Action by Excise Department in Sensitive Village Dhinwa

# 502 Liters of Illegal Mahua Liquor Seized, 12 Stills Destroyed, Six Cases Registered

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** In the sensitive village of Dhinwa in Nimbahera area, the Excise Department carried out a major operation on Thursday. Known for illegal liquor production, the village was raided by a joint team of excise officials. During the operation, 502 liters of illegal Mahua liquor were seized, 3000 liters of wash and 12 illegal stills were destroyed. A total of six SR cases and one regular case have been registered. The operation was part of a special campaign directed by the Excise Commissioner, Rajasthan, Udaipur. The action was conducted under the supervision of Additional Excise Commissioner (Policy & Administration), Udaipur Zone, District Excise Officer Gajendra Singh Rajpurohit, and Assistant Excise Officer Narendra Jain.



**Joint Team Conducts Raid**

Before the raid, a large team was formed for security, as Dhinwa is considered a sensitive village due to illegal liquor production and the presence of criminals. There was a risk of attacks on government teams in the past. Therefore, a detailed plan was made, and the excise teams of Dungla, Begu, and Nimbahera, along with Nimbahera Sadar Police, participated in the operation.

The raid was led by Excise Inspector Arvind Khinchi, with Praharadhikaris Hemraj Jat, Shravanlal Meena (Begu), Baghsingh (Dungla), Police Inspector Sanjay Sharma (Nimbahera Sadar), Head Constables Farjan Khan, Mina, Constables Hariom, Israr Hussain, and Constables Subhashchandra, Chailsingh, Gopal Singh, Prahlad Garg along with the full EPF contingent present. All accused were arrested on the spot.

**Illegal Liquor Seized from Multiple Houses**

During the raid, the team seized large quantities of liquor from several locations:

60 liters from Bhawarsingh, son of Bahadursingh

70 liters from Charansingh, son of Bahadursingh

65 liters from Bhagwansingh, son of Bahadursingh

150 liters from Lalsingh, son of Nirbhaysingh

100 liters from Mahipalsingh, son of Gamersingh

50 liters from Narayansingh, son of Raysingh

9 bottles from Kalusingh, son of Narayansingh

**Stills Destroyed, Liquor-Making Material Seized**

The team destroyed 3000 liters of wash prepared for making illegal liquor and dismantled 12 illegal stills. Officials said the liquor was being supplied to nearby areas.

**Strict Surveillance and Future Action**

The Excise Department said this action is part of a long-running campaign aimed at completely stopping illegal liquor production and trafficking in the district. Teams are keeping a strict watch on all areas where illegal liquor business is active. District Excise Officer Gajendra Singh Rajpurohit said that this was the first major operation in Dhinwa village in a long time. He added, "This area is considered sensitive, but this time a joint team carried out a strict action. Similar operations will continue in the future."

**Panic Among Villagers**

The sudden joint operation created panic in Dhinwa village and surrounding areas. After a long time, the combined action by excise and police has dampened the morale of those involved in the illegal liquor trade.

# The Rising Rupee: A Symbol of India's March Toward 2047



***Hemraj Tikam chand Tiwari***

*Journalist*

For decades, the Indian rupee was seen as a mirror of our dependency — a currency that followed the dollar's shadow. But the tide is turning. The rupee is no longer crawling; it's learning to rise. And if the current trajectory of growth, discipline, and innovation continues, India may well see the unimaginable by 2047 — a rupee that stands shoulder to shoulder with the U.S. dollar.

**A Shift Rooted in Strength, Not Sentiment**

Currency strength is never about sentiment; it's about economic fundamentals — exports, fiscal balance, innovation, and confidence. Over the last decade, India has fortified each of these pillars. Under Prime Minister Narendra Modi's leadership, the nation moved from policy paralysis to purposeful reform. Finance Minister Nirmala Sitharaman's fiscal discipline ensured that growth came with stability, not inflation.

**The results are visible:**

India remains the fastest-growing major economy, clocking a steady 6.5–7% growth rate. Forex reserves have crossed $650 billion, offering cushion against global volatility.

Exports in goods and services are at record highs, and India's digital economy is now valued in trillions.

The rupee's purchasing power within the domestic economy has improved — a silent revolution in everyday stability.

The rise of the rupee is more than a statistic — it's a statement. The world is now investing in India's story of self-reliance: Make in India, Atmanirbhar Bharat, Digital India, and the Green Energy Mission. The shift from being a back-office economy to becoming a manufacturing and innovation hub has changed how global investors value the Indian currency. Multinationals are setting up bases in India, trade settlements are increasingly being done in rupees, and regional partners in Asia, Africa, and the Gulf are exploring local-currency trade frameworks. The dream of a globally accepted rupee is no longer fantasy — it's a strategic direction.

By 2047, when India celebrates 100 years of independence, the rupee's rise could symbolize a nation that transformed itself from survival economics to strategic economics.

The dollar may still be a benchmark, but the rupee could become an equal participant in the world's financial dialogue — a reflection of India's demographic energy, digital strength, and disciplined governance.

If present growth trends persist and fiscal prudence remains the guiding light, the rupee-dollar gap could shrink dramatically, perhaps even bringing parity within sight. What once sounded like political rhetoric may soon be economic realism.

**Discipline as Destiny**

Modi's political legacy is not built on comfort — it's built on courageous reform. He brought governance out of populism and placed it in the realm of performance. Sitharaman's economic vision has carried that legacy forward — balancing global ambition with domestic stability. Together, they have changed not just the trajectory of the rupee, but the psychology of a nation. India no longer measures success by comparison; it measures it by conviction.

**A New Currency of Confidence**

The rupee's rise is not about numbers on a forex chart — it's about national self-belief. A belief that India can create, innovate, and compete on its own terms. A belief that by 2047, the world's oldest democracy will stand beside the world's most dynamic one — not as a follower, but as a financial equal.


## Tragic Road Accident: Tent Businessman Killed, Wife Seriously Injured in Chittorgarh

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** A tragic road accident occurred late Wednesday night in the Bhadesar police station area, claiming the life of a tent businessman, while his wife was seriously injured. The accident took place between Nardhari and Bansen. The deceased has been identified as Motilal Jatia (45), a resident of Chouthpura. His wife, Shankari Bai, has been admitted to the hospital in serious condition. According to reports, the couple was returning from a relative's funeral. On the way, Motilal received a phone call. He stopped his motorcycle at the side of the road to take the call. At that moment, a fast-moving unknown container truck hit the motorcycle from behind. The impact was so severe that Motilal was thrown onto the road, and the truck's wheel ran over his head, killing him instantly. His wife was also seriously injured in the accident. After the crash, the driver reportedly took the vehicle to Narpati Ki Khedi and fled. However, ASI Sunil Mahajan of Bhadesar police said that no vehicle has been seized yet, and the police are investigating based on the family's statement.

## "Where Truth Whispers — And the Soul Listens"

FAIR REPORT




A Review of the Book's Preface: The Author's Journey Beyond Knowing Some prefaces explain a book; this one explains life. Before the author begins his discourse, he disarms us — saying, "Neither do I possess truth, nor am I its messenger." In a world of loud certainties, this humility feels almost revolutionary. It's as if the author bows before the reader, before existence itself, and invites us not to believe, but to witness.

From the very first paragraph, the tone carries the fragrance of silence — the kind that follows after long restlessness. The author writes not as a philosopher building arguments, but as a traveler returning home with dust on his feet and light in his eyes. The preface becomes a threshold between intellect and awareness.

He observes humanity's timeless condition: we are drowning in knowledge, yet thirsty for understanding. We speak of truth endlessly, but live in forgetfulness of it. In those lines, one feels the ache of an awakened heart — gentle, unaccusing, but piercingly honest.

The language flows like meditation — reflective, unhurried, circling back upon itself like breath. Every sentence feels carved out of silence. It does not instruct; it invites. The repetition of the word 'saty' (truth) acts like a mantra, drawing the reader into contemplation rather than comprehension. As a standalone piece, this preface is a work of spiritual literature. It bridges thought and transcendence. It tells us that truth is not an inheritance; it must be born within us anew. The author does not promise answers — he promises awareness. That restraint is his power. By the final paragraph, one realizes this is not a preface to a book; it is a preface to awakening. It prepares the reader not to learn, but to unlearn — to meet the space where knowledge ends and begins. This is where truth stops shouting and begins to whisper. And if we are still enough, the soul will listen.

## NSG MARKS RAISING DAY, HONOURING COURAGE AND SERVICE

FAIR REPORT

**New Delhi:** The National Security Guard (NSG) celebrated its Raising Day today, commemorating decades of service, discipline, and bravery in defending the nation from multifaceted security threats. The special forces unit, widely known as the "Black Cats", has earned a reputation for precision, professionalism, and unwavering courage. Union officials and senior security personnel extended warm greetings and best wishes to the NSG personnel and their families on this occasion, highlighting the pivotal role they play in safeguarding India's citizens and strategic assets.



"The NSG has exhibited unmatched courage, discipline, and precision in neutralising threats ranging from counter-terror operations to hostage rescue missions," said a government spokesperson. "Their professionalism and valour reflect the very spirit of India's security forces."Established to tackle terrorism and high-risk operations, the NSG has been at the forefront of some of India's most critical missions. Over the years, the unit has evolved into a highly trained, technologically equipped force capable of responding to internal and external security challenges with speed and efficiency.

## Transfer of Chittorgarh ACB ASP Vikram Singh Hours After Announcing Probe into Jaisalmer Bus Tragedy

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Just a few hours after announcing an investigation into the Jaisalmer bus fire tragedy, Chittorgarh ACB Additional SP Vikram Singh Rathore has been transferred to the Jaipur headquarters. The order was issued by ADG Smita Srivastava, and Udaipur ACB ASP Anant Kumar has been given charge of the Chittorgarh ACB unit. On Wednesday evening, ASP Rathore had shared a message in a social media group stating that the Anti-Corruption Bureau (ACB) would also look into the Jaisalmer bus fire case. He mentioned that the inquiry would focus on transport officials in Chittorgarh who may have misused their position to benefit the bus owner, and how the bus was granted a fitness certificate despite failing safety standards. Rathore had said that a detailed report would be prepared and sent to senior officials soon.

It's worth noting that the tragic Jaisalmer bus fire on October 14 claimed 22 lives. The bus that caught fire was registered and certified for fitness in Chittorgarh RTO, raising serious questions about the role of local transport officials. Rathore made his statement around 7 PM on Wednesday, and shortly afterward, his transfer order was issued.

Attempts to contact him for comment were unsuccessful. Meanwhile, ASP Anant Kumar confirmed that he has taken charge of the Chittorgarh ACB post and that Vikram Singh Rathore has been transferred to Jaipur headquarters. He said he was not aware of the reasons behind the transfer. The sudden transfer of ASP Rathore has sparked widespread discussion in the city, with many linking it to his announcement of the ACB investigation into the Jaisalmer tragedy.


# Government Declares Turning Point in War on Red Terror

FAIR REPORT

**New Delhi:** In what officials are calling a landmark moment in India's decades-long battle against Left-Wing Extremism, 258 Naxalites have surrendered within just two days across Chhattisgarh and Maharashtra — signalling what Union Home Minister Amit Shah described as "Naxalism breathing its last."

On Thursday, 170 Naxalites surrendered in Chhattisgarh, a day after 27 others laid down their arms in the same state and 61 in Maharashtra. Among them, officials say, are several hardened cadres who had operated for years in the dense jungles of Abujhmaad and North Bastar, once regarded as impregnable Maoist territory.

"This is a landmark day in our battle against Naxalism," Mr. Shah said, applauding the rebels' decision to renounce violence and place their faith in the Constitution. "Those who want to surrender are welcome. Those who continue to wield the gun will meet the wrath of our forces," he added. The wave of surrenders is being attributed to relentless joint operations by the Central Reserve Police Force, state police, and intelligence agencies, combined with an expanded rehabilitation policy that offers ex-cadres legal support, financial aid, and reintegration into civil life.




Officials claim that the ideological base of the insurgency has been steadily eroded as road networks, schools, and communication facilities reach the once-cut-off interiors of the so-called "Red Corridor." The Home Ministry has now set a clear target — to uproot Naxalism completely by 31 March 2026.

Security experts call the recent surrenders "a psychological collapse of the Naxal command chain," while social observers caution that the real victory will depend on rehabilitation and sustained development in the affected tribal regions.

For a movement that once claimed control over a third of India's forest belt, the back-to-back surrenders mark an unmistakable shift — a sign that the era of the gun is giving way to the power of governance.

"The endgame for Naxalism," one senior officer said, "has begun."

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor and Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**